


## एक नजर में

### एयरफोर्स ट्रेनिंग पूरी कर लौटे जवान का स्वागत



**घट्टिया।** पवार परिवार गढ़ी के लोकेन्द्र सिंह पंवार का चयन इंडियन एयरफोर्स में हुआ है । चयन पश्चात सात माह की ट्रेनिंग चेन्नई से पूरी कर सोमवार को गाव लोटने पर सभी ग्रामीण जन एवं परिवार जनों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। पंवार की पोस्टिंग उड़ीसा मिरयानी में हुई है जहा वो अपनी सेवाएं देंगे।

### श्रेष्ठ संगीत साधक सम्मान से अमित-अनामिका शर्मा सम्मानित



**उज्जैन।** सिंधी समाज द्वारा नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संचालन और संगीत क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए अमित शर्मा और डॉ. अनामिका शर्मा को श्रेष्ठ संगीत साधक सम्मान से दीपक बेलानी, सुनील खत्री, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, राजकुमार परसवानी ने सम्मानित किया। सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस के रूप में अमित शर्मा और अनामिका शर्मा ने शिर्डी वाले सांई बाबा, बगड़ बम लहरी भजन, भारत का रहने वाला हूं देशभक्ति गीत, तेरे जैसा यार, आपके आ जाने से की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूर्व में भी अमित शर्मा और डॉ. अनामिका शर्मा कई राष्ट्रीय स्तर के मंचों से सम्मानित होकर उज्जैन का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। ज्वलंत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अमित और अनामिका शर्मा की इस उपलब्धि पर उज्जैन के संगीत जगत में हर्ष व्यक्त किया।

### जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**उज्जैन।** अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक 10 फरवरी आज प्रातः 10.30 बजे प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की जाएगी। जिला जनगणना समन्वय समिति की अध्यक्षता प्रमुख जनगणना अधिकारी करेंगे। समिति के संयोजक जिला जनगणना अधिकारी रहेगें। समिति के सदस्य अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना/ सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण और जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे।

### आज विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

**उज्जैन।** भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार 10 फरवरी को सेफ़र इंटरनेट डे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, दशहरा मैदान में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त दिवस के अवसर विद्यार्थियों को सुरक्षित और ज़िम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के सम्बन्ध में जागरूक किए जाने के लिए एनआईसी द्वारा जागरूकता व्याख्यान दिया जाएगा।

### श्रीराम मंदिर जीर्णोद्धार का भूमि पूजन मुख्यमंत्री ने दी 19 .41 लाख की सौगात

**माकड़ोन।** ग्राम पंचायत कपेली में स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नव-निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन रविवार को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में विशेष उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्राम कपेली सरपंच राजपाल सिंह कपेली ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम मंदिर लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु सांसद अनिल फिरोजिया के विशेष सहयोग एवं आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग से 19 लाख 41 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से मंदिर का भव्य एवं सुदृढ़ निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की आस्था को नया आयाम मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। पंडित उमाशंकर नागर (सामो वाले), पंडित अनिल व्यास पंड्या (चाकिया वाले) एवं पंडित ओमप्रकाश शर्मा (कपेली) द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इस पावन अवसर पर उपसरपंच प्रदीप बैरागी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद अनिल फिरोजिया के प्रति आभार व्यक्त किया। भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने गांव की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की उन्नति की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर का जीर्णोद्धार न केवल धार्मिक गतिविधियों को नया आयाम देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और संस्कारों का सशक्त केंद्र बनेगा।

### साहित्यकारों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का समापन



इंदौर. इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित कालजयी साहित्यकारों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का समापन हुआ. मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति और प्रेस क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रदर्शनी में अनेक कालजयी साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को पोस्टर पर प्रदर्शित किया गया. समापन अवसर पर मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री अरविंद जवलेकर ने कहा कि समिति द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि लोग मोबाइल से थोड़ा समय बचाकर साहित्य और पुस्तकों से जुड़ सके. वीणा मासिक के संपादक राकेश शर्मा ने देश की एकमात्र हिन्दी मासिक पत्रिका 'वीणा' के सन्दर्भ में बताया कि यह पत्रिका कुछ महीनों के बाद शताब्दी के शिखर को स्पर्श करने जा रही है जिसका हम इंदौरवासियों को गर्व हैं. समिति के प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता का अटूट सम्बन्ध रहा है. इस अवसर पर अर्थ मंत्री राजेश शर्मा, प्रकाशन मंत्री अनिल भोजे और नागेश व्यास भी उपस्थित रहे. इंदौर प्रेस क्लब के महासचिव प्रदीप जोशी ने स्वागत उद्बोधन दिया. अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रियंका पांडेय, महिला प्रतिनिधि पूनम शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मनीष मक्खर, श्याम कामले, विजय भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार शैलेश पाठक, विपिन नीमा, अशोक शर्मा, गिरीश कानूनगो ने किया. संचालन कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने किया. आभार वरिष्ठ पत्रकार धर्मेश यशलाहा ने माना.

# वेडिंग डेस्टिनेशन अब मिशन, चिंतामन मंदिर पर विवाह का विज़न

- सिंहस्थ में बढ़ेगा धार्मिक-पर्यटन बड़ी होटल और मैरिज गार्डन जैसी मिलेगी सुविधा
- कम खर्च में नए दांपत्य जीवन की होगी शुरुआत

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन.** महाकाल की नगरी में उनके ही पुत्र श्री गणेश जी के मंदिर को चिंतामन के नाम से विश्वभर में जाना जाता है, शहर से करीब आठ किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन चिंतामन गणेश मंदिर जो अब मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरने जा रहा है. इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. मंदिर परिसर में अब वैसे ही विवाह समारोह होंगे जिसके लिए लोग अभी निजी होटलों में करोड़ों खर्च करते हैं.

चिंतामन गणेश मंदिर पर अभी उतनी शादियां नहीं हो रही जितनी शहर की नीचे होटल मैरिज गार्डन में हो रही है यहां पर धार्मिक रीति-रिवाज और कम खर्चे में विवाह तो होते हैं, शहरवासियों से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवारो में यहां विवाह करने का अधिक चलन है. शुभ तिथियों पर प्रतिदिन 20 से 25 शादियां इस मंदिर पर संपन्न हो रही हैं, जबकि सामान्य दिनों में कई जोड़े केवल वरमाला के लिए पहुंच रहे हैं.

**पत्रिका व आशीर्वाद** - चिंतामन गणेश मंदिर उज्जैन के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शामिल है. महाकालेश्वर के दर्शन को आने वाले देशभर के श्रद्धालु चिंतामन गणेश के दर्शन भी अवश्य करते हैं. विशेषकर बुधवार को यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है. परंपरा अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग विवाह से पूर्व श्रीगणेश की पाती रखने और विवाह के बाद नवदंपती को दर्शन कराने यहां लाते हैं. बढ़ती आस्था के चलते अब मंदिर परिसर में विवाह कराने की परंपरा भी तेजी से बढ़ रही है.



**रिश्ते बनते ही मंदिर में विवाह**- पुजारियों के अनुसार देशभर से आने वाले श्रद्धालु जब मंदिर परिसर में वर-वधुओं की कतारें देखते हैं, तो वे स्वतः ही यहां विवाह कराने की जानकारी लेते हैं. इसी कारण अब अन्य राज्यों से भी लोग अपने बच्चों के लिए अच्छे रिश्ते की कामना के साथ चिंतामन गणेश मंदिर में विवाह कराने को तैयार हैं.

**सर्व सुविधा युक्त वेडिंग डेस्टिनेशन** -नवभारत से चर्चा में मंदिर प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने बताया कि चिंतामन गणेश मंदिर को एक सुव्यवस्थित धार्मिक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है. कई नवाचार प्रस्तावित हैं, जिनकी योजना अंतिम चरण में है. उन्होंने बताया कि यह लगभग 10 साल पुरानी योजना है, जो अब धरातल पर उतरने जा रही है. मंदिर परिसर में बड़ा डोम, रसोईघर, विस्तृत पार्किंग और आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी. समस्त व्यवस्था वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में संचालित होगी.

**सुविधाओं का शुल्क अलग रहेगा**-प्रस्तावित योजना के अनुसार वेडिंग डेस्टिनेशन सुविधा का शुल्क अलग रहेगा। 11 हजार रुपये के लगभग पूजन-पाठ, हवन और फेरे आदि की राशि रह सकती है, अभी ये राशि लगभग 5 हजार रुपये के आसपास है. वेडिंग डेस्टिनेशन की अतिरिक्त सुविधाओं का शुल्क अलग होगा और इसका हिसाब-किताब मंदिर के धार्मिक नियमों से पृथक रखा जाएगा.

**राम को प्यास लगी, लक्ष्मण ने खोद दी बावड़ी**-चिंतामन गणेश मंदिर का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी विशेष है. मान्यता है कि भगवान श्रीराम वनवास के दौरान उज्जैन आए थे और लक्ष्मण द्वारा बाण से खोदी गई लक्ष्मण बावड़ी आज भी यहां स्थित है. मंदिर में चिंतामन, इच्छामन और मँछामन गणेश की तीन प्रतिमाएं विराजित हैं. यहां जत्रा का आयोजन भी होता है और प्रति बुधवार लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं.

> **उज्जैन के पर्यटन को मिलेंगे नए आयाम**
>
> विशेषज्ञों का मानना है कि सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु जब इस धार्मिक वेडिंग डेस्टिनेशन को देखेंगे, तो पर्यटन को नया आयाम मिलेगा और उज्जैन की पहचान धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी स्थापित होगी.





## प्रियंक जोशी बने उज्जैन के पहले लाइसेंस प्राप्त स्काई डाइवर

**उज्जैन। उज्जैन जिले के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि प्रियंक जोशी ने यूनाइटेड स्टेट्स पैराशूट एसोसिएशन द्वारा प्रदत्त कैटेगरी ए स्काई डाइविंग लाइसेंस सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है।**

इसके साथ ही वे उज्जैन जिले के पहले आधिकारिक रूप से लाइसेंस प्राप्त स्काई डाइवर बन गए हैं। प्रियंक जोशी को स्काई डाइविंग का विशेष प्रशिक्षण ब्रिगेडियर एसएस शेखावत, 21 पैरा (स्पेशल फोर्सेस) द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कठोर सैन्य अनुशासन, उच्च सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी दक्षता के तहत संपन्न हुआ। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात प्रियंक ने सभी आवश्यक जंप्स सफलतापूर्वक पूरे कर यह अंतरराष्ट्रीय लाइसेंस अर्जित किया। इसे प्राप्त करने के लिए सख्त ग्राउंड ट्रेनिंग, प्रमाणित सोलो जंप्स एवं सभी सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन अनिवार्य होता है। प्रियंक जोशी की इस उपलब्धि से उज्जैन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय साहसिक खेलों के मानचित्र पर नई पहचान मिली है। यह सफलता जिले के युवाओं को साहसिक खेलों एवं एविएशन क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगी।

## प्रेस क्लब का पत्रकार मिलन समारोह संपन्न

- कार्यकारिणी का विस्तार, नवीन सदस्यों को पहचान पत्र वितरित



**तराना।** वराह मिहिर की नगरी कपित्थ नगर कायथा स्थित देव वासुकी नाग मंदिर, काली कराड़ में तराना प्रेस क्लब का पत्रकार मिलन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार मुकेश शर्मा व अनिल पांडे के आतिथ्य तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष अर्पित बोड़ाना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शुभारंभ अतिथियों द्वारा नाग वासुकी के पूजन-अर्चन से हुआ।

अतिथियों ने अपने संबोधन में निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता पर बल देते हुए कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्ग की आवाज को प्रमुखता से उठाएं तथा पत्रकार एकता को सुदृढ़ बनाए रखें। इस अवसर पर तराना प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए शिवनारायण गुर्जर को कार्यकारी अध्यक्ष, अशोक मेहता को उपाध्यक्ष, कृष्णपाल सिंह सिसौदिया को सह-कोषाध्यक्ष, अजय नवरंग को सचिव, लक्ष्मण सिंह चावड़ा को सह-सचिव तथा पप्पू अकेला को मीडिया प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

साथ ही नवीन सदस्यों को प्रेस क्लब के पहचान पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में पत्रकार सतीश जायसवाल, विष्णु माली, विकास कसेरा, श्याम कारपेंटर, गोपाल सोलंकी, भरत जायसवाल सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन सचिव अजय नवरंग ने किया। इस दौरान माकड़ोन के श्याम कारपेंटर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। वक्ताओं ने उनके सशक्त लेखन, निष्पक्ष पत्रकारिता और सबकी खबर, सच्ची खबर की भावना की सराहना की। अपने संबोधन में श्याम कारपेंटर ने सभी पत्रकार साथियों से निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता करने का आव्हान किया। समारोह में उनकी सक्रियता और योगदान की भी प्रशंसा की गई।

## श्री अलखमैहर धाम में 15 से 19 फरवरी तक मनेगा महाशिवरात्रि उत्सव

**उज्जैन। श्री अलखमैहर धाम उदासीन आश्रम में आगामी महाशिवरात्रि पर्व और दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। इसी संदर्भ में आश्रम के महंत स्वामी आत्मादास जी के नेतृत्व में सिंधी समाज के प्रबुद्ध जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई।**

महंत स्वामी आत्मादास जी ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आश्रम में 15 फरवरी से 19 फरवरी तक भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संत समागम होगा जिसमें दूर-दराज से साधु-संत पधारेंगे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्रह्मचारी दिलीप जी का दीक्षांत समारोह होगा। उन्हें उदासीन संप्रदाय की मर्यादा के अनुसार, विधिवत रूप से 'उदासीन भेष' की दीक्षा प्रदान की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में आश्रम के महंत अमोलकदास, मोनी बाबा अमरदास जी, रामदास जी, दिलीप जी एवं अन्य पूज्य संत विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सिंधी समाज के प्रमुख लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें मुख्य रूप से राजकुमार परसवानी, दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी, नरेंद्र सबनानी, जेठानंद जयसिंघानी, महेश चांदवानी, रतनलाल, दीपक सामतानी, चंदीराम जेठवानी, सेवकराम देवनानी, श्रीकांत माखीजानी, पुरुषोत्तम रायसिंघानी, लालचंद धनवानी, विनोद लुल्ला, भगवान केवलानी, जवाहर सन्मुखानी, पुरुषोत्तम तेजवानी, मोहित जशनानी, चेतन केवलानी, मनोहर गोप्लानी, किशन खुशालानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। बैठक के समापन पर उपस्थित सभी संतों और समाज के वरिष्ठजनों ने शहर की समस्त धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि वे इस चार दिवसीय धार्मिक महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में पधारें और पुण्य लाभ अर्जित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।




## बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम विशेष अभियान

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उज्जैन जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति अभियान के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई उज्जैन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख सिग्नल चौराहों पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान टीम को परिजनों द्वारा बताया गया कि वह राजस्थान से आए है और उनके द्वारा खिलौने बेचने एवं सफाई वाईपर बेचने का कार्य किया जाता है। टीम द्वारा परिजनों को समझाईश दी गई कि वह सिग्नल चौराहे पर खिलौने बेचने एवं सफाई वाईपर बेचने कार्य नहीं करें और बालक, बालिकाओं को सिग्नल चौराहे पर अपने साथ लेकर नहीं घूमने की समझाईश दी गई। टीम द्वारा उन्हें यह बताया गया कि यदि वे बालक, बालिकाओं से भिक्षावृत्ति करवाते पाए जाते है तो किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा – 76 के तहत जो कोई भीख मांगने के प्रयोजन के लिए बालक/बालिका को नियोजित करता है या किसी बालक से भीख मंगवाता है उसे कारावास जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी और एक लाख रुपए के जुर्माने से दंडित करने की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बालकों के परिजनों को उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। उज्जैन प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं भी कोई बच्चा भिक्षावृत्ति करता दिखाई दे, तो उसकी सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर की जा सकती है ।

बाल भिक्षावृत्ति अभियान के दौरान टीम में प्रमुख सदस्य संरक्षण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग श्रीमती अमृता सोनी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता गौरव मित्तल, संतोष पवार, परामर्शदाता मृणाल भिलाला, प्रधान आरक्षक विशेष किशोर पुलिस इकाई अवधेश सिंह गौर शामिल थे।

## सर्व वाल्मीकि समाज ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**नागदा।** सोमवार को नगर के वाल्मीकि समाज के लोग सर्ववाल्मीकि समाज नागदा के नेतृत्व में मेमू ट्रेन में हुए विवाद के पश्चात् रोशन शुक्ला पर दर्ज की गई झूठी एफआईआर को निरस्त करने एवं उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नागदा को दिया।

ज्ञापन में बताया कि दाहोद से उज्जैन की ओर जा रही ट्रेन में वाल्मीकि समाज का एक परिवार अपनी नाबालिग बच्ची के साथ अस्थि विसर्जन करने हेतु यात्रा कर रहा था। रतलाम रेलवे स्टेशन से कुछ युवक ट्रेन में सवार हुए जिन्होंने बच्ची के साथ अभद्र इशारे किए एवं उसे जबरन शौचालय की ओर ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर परिवार के साथ मारपीट की गई तथा खाचरौद से अन्य लोगों को बुलाकर पुनः हमला किया गया। नागदा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पीड़ित परिवार द्वारा समाजसेवी रोशन शुक्ला को सूचना दी गई। वे पीड़ितों की सहायता के लिए तत्काल स्टेशन पहुंचे एवं एफआईआर दर्ज कराने जीआरपी थाना रेल्वे स्टेशन नागदा गए। इसी दौरान स्टेशन परिसर में लगभग 100-150 लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जहां अमजद लाला नामक व्यक्ति द्वारा खुलेआम कहा गया-रोशन, तू मत बोल, तुझे काट देंगे।

ज्ञापन में यह भी बताया कि अमजद लाला के द्वारा यह धमकी सार्वजनिक रूप से दी गई। जिससे स्टेशन परिसर में भय एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। पूर्व में भी रोशन शुक्ला को जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। इसके बावजूद वास्तविक आरोपियों पर कार्रवाई करने के स्थान पर पुलिस द्वारा रोशन शुक्ला पर ही एफआईआर दर्ज कर दी गई, जो कि पूर्णतः अन्यायपूर्ण है।

सर्ववाल्मीकि समाजजन द्वारा मांग की है कि रोशन शुक्ला पर दर्ज की गई झूठी एफआईआर को निरस्त किया जाए, वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए एवं रोशन शुक्ला को तत्काल समुचित सुरक्षा प्रदान की जाए।

**एक नजर** — द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एडवाइजरी कमेटी की बैठक में मेंबर ग्रोथ और लीडरशिप पर चर्चा

## मजबूत सदस्यता ही मजबूत सेवा की नींव है : दिनेश राठौर

**उज्जैन। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के रीजन 2, जोन 2 की द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एडवाइजरी कमेटी की बैठक नानाखेड़ा स्थित होटल विक्रमादित्य में संपन्न हुई।**




बैठक की अध्यक्षता करते हुए झोन चेयरपर्सन लायन दिनेश राठौर ने सेवा कार्यों के विस्तार के लिए सदस्यता वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत सदस्यता ही मजबूत सेवा की नींव है।

बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पीडीजी पीएमजेएफ आर्किटेक्ट लायन बलबीर सिंह सहनी और जीएमटी (ग्लोबल मेंबरशिप टीम) सदस्य एमजेएफ लायन गिरीश जायसवाल ने संगठन की मजबूती पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि जीएमटी केवल एक विभाग नहीं, बल्कि क्लब की शक्ति, पहचान और भविष्य का आधार है। लायन बलबीर सिंह सहनी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नए सदस्यों को जोड़ना, मौजूदा सदस्यों को सक्रिय रखना और क्लब में नेतृत्व व टीम भावना को बढ़ावा देना है।

बैठक में लायन पंकज पंचाल और रीजन-2 सेक्रेटरी लायन देबाशीष राय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न क्लबों के पदाधिकारियों ने अपने कार्यों का ब्यौरा दिया। लायंस क्लब उज्जैन अवंतिका से लायन राज कुमार जैन, लायंस क्लब उज्जैन महाकाल से राजेन्द्र गिल, लायंस क्लब उज्जैन राइज से लायन तरुण मलिक तथा लायंस क्लब उज्जैन सम्राट से लायन निलेश पोरवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने क्लब का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में बताया गया कि जोन में दो नए क्लब प्रारंभ किए गए हैं, जो संगठन के विस्तार को दर्शाता है। साथ ही, लायन अनिल गोयल के मेल्विन जोन्स फेलो (एमजेएफ) बनने पर सदन ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में आभार लायंस क्लब उज्जैन अवंतिका के लायन रवि श्रीमाली ने व्यक्त किया।